# बबीता कपकोटी और आशीष जोशी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी संस्थान के उमंग 2024 का हुआ समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

टनकपुर(चंपावत)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी संस्थान के दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव उमंग 2024 समापन हो गया है। बालिका वर्ग में बबीता कपकोटी और बालक वर्ग में आशीष जोशी ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। मुख्य अतिथि वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विजेताओं पुरस्कार दिए।




विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. ओकार सिंह और संस्थान के निदेशक डॉ. हरद्वारी लाल मंडोरिया। संवाद

शनिवार को उत्सव के दूसरे दिन संस्थान के निदेशक डॉ. हरद्वारी लाल मंडोरिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कुलपति ने साइबर फिजिकल सिस्टम के विकास को बढ़ावा देने के लिए मुख्य इंजीनियरिंग ब्रांच जैसे सिविल और मैकेनिकल में सॉफ्टवेयर व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। छात्रों को इनोवेशन, पैशन के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। निदेशक डॉ. मंडोरिया ने अतिथियों का आभार जताया।

इस दौरान क्रिकेट में प्रत्यूष सूथा, वॉलीबाल में अजय जोशी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। बैडमिंटन और शतरंज में सूर्य प्रताप सिंह, शिवानी, आशीष नेगी और आराध्या तिवारी प्रथम रहे।

वहां उप कुलसचिव डॉ. अभिषेक पाठक, सह अधिष्ठाता डॉ. देव प्रकाश सत्संगी, खेल प्रभारी मनीष कुमाई, देवेश शर्मा रहे। संचालन छात्रा धात्री उपाध्याय ने किया।